# “वानिकी की उत्कृष्ट तकनीकों का प्रदर्शन” – एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26/11/2025



भा.व.अ.शि.प.– उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर “वानिकी की उत्कृष्ट तकनीकों का प्रदर्शन” – एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26/11/2025 किया गया। संस्थान द्वारा चलाए जा रहे वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत इस कार्यशाला में विभिन्न हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डॉ. ननिता बेरी ने संस्थान द्वारा विकसित वानिकी तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निदेशिका डॉ श्रीमती नीलू सिंह ने वन अपशिष्ट से चारकोल उत्पादन एवं चारकोल के विभिन्न उत्पाद का उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महोदया ने संस्थान की अन्य वानिकी तकनीकों के बारे में एवं उसके अनुप्रयोग पर भी विशेष आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा निर्मित TFRI के शोध पर एवं मशरूम की खेती वृतचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने मशरूम की खेती एवं चंदन की खेती को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के प्रयासों को सराहा और इन विषयों पर विशेष प्रशिक्षण पर उत्सुकता जाहिर की गई। उक्त कार्यशाला का सफल संचालन श्री प्रमोद सिंह राजपूत ने किया। श्री अल्फ्रेड फ्रांसिस, श्री शैलेन्द्र चंदेली, श्री राघवेंद्र मेहरा का विशेष सहयोग रहा।







November 26, 2025






November 26, 2025






November 26, 2025







November 26, 2025




November 26, 2025